

## एक नजर में



### हर घर तिरंगा अभियान की दिलाई शपथ

**सिलवानी, 10 अगस्त.** प्रदेष सरकार के द्वारा देष भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की श्रृखला में हर घर तिरंग अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाना है इसी कड़ी में नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने तिरंगा ध्वज हाथ में थाम कर निकाए कर्मचारियो व जन प्रतिनिधियो को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की शपथ दिलाई. शपथ में कहा गया कि मैं शपथ लेता हूं कि में तिरंगा फहलाऊंगा, हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ओर वीर सपूतों की भावना का सम्मान रखूंगा ओर भारत देष के विकास व प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करुंगा. शपथ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधि व कर्मचारी हाथ में तिरंगा ध्वज थामे हुए थे. इस मौके पर पार्षद प्रदीप कुषवाहा, लखन मेहरा, पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू, गुडडु खान, पप्पू ठाकुर सहित नप कर्मचारी मौजूद रहें.

### अवैध शराब बेचने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**बाड़ी, 10 अगस्त.** जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे तथा सहायक आबकारी आयुक्त वन्दना पाण्डेय के निर्देशन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 8 अगस्त को वृत्त बरेली के प्रभारी उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा बरेली एवम बाड़ी क्षेत्र के ग्राम गगनवाड़ा, चैनपुर, वार्ड नं 07 बाड़ी, कुटनासिर एवं पथरइ में आबकारी स्टाफ ने दबिश देकर अवैध मदिरा के 7 प्रकरण आबकारी एक्ट की धारा के तहत कायम कर विवेचना में लिए गए। उक्त कार्यवाही में 6 आरोपीगण को मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा एक प्रकरण में आरोपी मौके पर नहीं मिलने से अज्ञात में प्रकरण कायम किया गया.

# जर्जर भवन में दहशत के बीच कार्य कर रहे कर्मचारी




**छत से दिखाई दिखाई देने लगा लोहा**

**हादसा होने पर जानमाल की हो सकती है क्षति**

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 10 अगस्त. नगर में संचालित हो रहे एकीकृत महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय क्षतिग्रस्त हो चुका है बावजूद भी क्षतिग्रस्त हो चुके भवन में कार्यालय का संचालन किया जा रहा है. इस क्षतिग्रस्त भवन का हालिया दिनो में एसडीएम प्रकाश नायक ने निरीक्षण किया, निरीक्षण के बाद एसडीएम के द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को निरीक्षण कार्रवाही से अवगत करा दिया लेकिन इसके बाद भी महिला बाल विकास कार्यालय क्षतिग्रस्त भवन में ही संचालित हो रहा है.**

महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय क्षतिग्रस्त भवन में संचालित किया जा रहा है. इस भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है. क्षतिग्रस्त भवन कभी भी हादसे का कारण बन कता है. लेकिन विभाग के द्वारा ना तो क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराई जा रही है ना ही नव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाही की जा रही है. भवन कभी भी ढह कर हादसे का कारण बन सकता है.

नगर के वार्ड नंबर एक टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय संचालित है. इस कार्यालय भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है. यह भवन पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गया है. अनेको स्थानो से दीवारो में दरारे आ गई है. छत से प्लास्टर गिर जाने के कारण लोहा दिखाई देने लगा है. महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से तहसील भर में लगभग दो सौ आगंनवाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे है. इन केंद्रो पर 4 सौ से अधिक महिला कार्यकर्ता व सहायिकाए कार्य कराती है. जो कि विभागीय कार्यो के चलते सिलवानी कार्यालय आती है. इसी भवन में विभागीय बैठको का भी आयोजन किया जाता है. लेकिन क्षतिग्रस्त भवन होने के कारण हमेशा ही हादसे की आशंका बनी रहती हैं.

### अधिकारियो ने की निरीक्षण की रस्म अदायगी

क्षतिग्रस्त हो चुके गवर्मेंट कार्यालयों व निजी भवनों का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने कर्तव्य की रस्म अदायगी कर ली. सागर के शाहपुर में दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत के बाद हरकत में आए प्रशासन के द्वारा क्षतिग्रस्त शासकीय भवनों तथा निजी आवासो का निरीक्षण कर मकान मालिकों को क्षतिग्रस्त भवन को गिराने के निर्देश दिए थे लेकिन निर्देशों का पालन कमोवेश किसी भी क्षतिग्रस्त मकान स्वामी के द्वारा नहीं किया जाना बताया जा रहा है. हालांकि प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा क्षतिग्रस्त भवनों के निरीक्षण की रस्म अदायगी कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई.

### उच्च अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

क्षतिग्रस्त हो चुके महिला बाल विकास कार्यालय भवन की मरम्मत कराए जाने को लेकर विभाग के वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा गंभीरता के साथ कार्रवाही नहीं की जा रही है. हालांकि सिलवानी कार्यालय से विभागीय अधिकारियों के द्वारा भवन की स्थिति से वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है. बावजूद भी उच्चाधिकारी क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराने व नव निर्माण को लेकर कार्रवाही करने से कतरा रहे है. फल स्वरुप कर्मचारी भय के साये में कार्य करने को मजबूर है.



# बेगमगंज में हर घर तिरंगा को लेकर आहूत हुई विशेष बैठक

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 10 अगस्त. हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज जनपद पंचायत के सभागार में एसडीएम सौरभ मिश्रा की अध्यक्षता में विशेष बैठक आहूत हुई । जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, तहसीलदार एसआर देशमुख , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ,जनपद पंचायत सीईओ आशीष जोशी , सीएमओ कृष्णकांत शर्मा , बीईओ राजेन्द्र श्रीवास्तव , आजीविका मिशन समन्वयक सुधीर सोनी, सब इंस्पेक्टर केशव शर्मा,सीएम राइज स्कूल प्राचार्य बृजेश कुमार सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश भार्गव सहित नगरीय क्षेत्र के शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य व प्रबंधक तथा जनपद व नगरपालिका सदस्य मौजूद रहे ।**

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां आज से प्रारंभ हो गई है । ग्रामीण क्षेत्र के लिए जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय क्षेत्र के लिए सीएमओ को सम्मानपूर्वक तिरंगा झंडा लगवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

इसके अतिरिक्त सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को इस पुनीत कार्य मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए प्रत्येक घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर झंडा फहराने का कार्य आज से ही प्रारंभ कर देना है और अपने – अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को भी राष्ट्रप्रेम के प्रेरित भावना जागृत करते हुए उन्हें भी जयहिंद लिखे झंडा फहराने के लिए पाबन्द करें । इसके लिए नगर में पैदल व साइकिल रैलियां भी निकलवाना है।

**प्रतियोगिता** | **नागपंचमी पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन**

# अखाड़े में पहलवानों ने की जोर आजमाइश

**बेगमगंज, 10 अगस्त. नाग पंचमी के अवसर पर नगर के बस स्टैंड स्थित अखाड़ा मैं प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रमुख अखाड़ों के पहलवानों के बीच दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अखाड़े में पहलवानों ने खूब जोर आजमाइश की।जीतने वाले को सम्मानित भी किया गया। नगर बेगमगंज मैं दंगल की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है।इस दौरान राजकुमार गुप्ता एड,पहलवान विजय सिंह, शंकर भैया ने दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों को नियमों के अनुसार पहलवानी के दाव समझाएं।**



दंगल में एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े पहलवानों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को रोचक बना दिया। दंगल की परंपरा कई वर्षों से नगर मैं चली आ रही है। शुक्रवार को सुबह पहलवानों के साथ दर्शक भी बड़ी संख्या मैं एकत्रित हुए। दंगल का ऐलान होते ही पहलवान अपनी-अपनी जीत के लिए जोर आजमाइश करने लगे। दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दू युवा सेवा दल के तत्वावधान मैं किया गया। इस अवसर पर हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय, नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह घोषी, अखाड़ा संघ अध्यक्ष रामसेवक घोषी सहित बड़ी संख्या मैं अखाड़े की उस्ताद पहलवान एवं नगर के नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजा बाबू सेन ने किया।

# फैक्ट्री के धुएं से स्कूली बच्चों को सांस लेने में तकलीफ

### पंचायत ने फैक्ट्री को दिया नोटिस, 8 दिन में जहरीला धुंआ निकलना नहीं हुआ बंद तो करेंगे प्रदर्शन

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 10 अगस्त. आवासीय क्षेत्रों के नजदीक औद्योगिक कारखानों का निर्माण आम जनता के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। इन कारखानों से निकलने वाले धुएं ने स्कूल के मासूम बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं।**

कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है रायसेन जिले के दीवानगंज में भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित मध्य भारत फैक्ट्री के सामने शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूल है दोनों ही स्कूल में क्षेत्र भर के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ने आते हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं के कारण स्कूली बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और आंखों में जलन भी हो रही है। वही इस हाईवे से निकलने वाले राहगीर भी फैक्ट्री के प्रदूषण फैलाने वाले धुएं से परेशान हैं। इस समस्या को लेकर शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूलों ने दीवानगंज ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं की शिकायत की है। दोनों ही स्कूलों के पत्र को संज्ञान में लेकर सरपंच गिरजेश नायक द्वारा फैक्ट्री को 8 दिन के अंदर बंद करने का नोटिस दिया गया है।

**इनका कहना है...**

सरकारी स्कूल और 1 प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य ने पंचायत को लेटर जारी कर बताया है कि मध्य भारत फैक्ट्री से जहरीला धुंआ निकल रहा है। जिसकी वजह से बच्चों को सांस लेने और आंखों में जलन पड़ रही है। मामला संज्ञान में आते ही फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी कर 8 दिन ने समस्या समाप्त करने का बोला है। अगर जहरीला धुंआ निकलना बंद नही होता हैं तो बच्चों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**गिरजेश नायक, सरपंच ग्रा. पं. दीवानगंज।**


